रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3725] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 19, 2018/भाद्र 28, 1940
No. 3725] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 19, 2018/BHADRA 28, 1940

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 18 सितम्बर, 2018

का.आ. 4892(अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 278 (अ) तारीख 17 जनवरी, 2018 द्वारा भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित की गई थी जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनको उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना की राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर, आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 17 जनवरी, 2018 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से आक्षेपों और सुझावों पर सम्यक् रूप से विचार किया था;

और,तिपेश्वर वन्यजीव अभयारण्य महाराष्ट्र राज्य के यवतमल जिले में स्थित है और 147.58 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।

और, तिपेश्वर वन्यजीव अभयारण्य एक महत्वपूर्ण वन्यजीव आवास है जिसको उपयुक्त रूप से संरक्षित किया जाना आवश्यक है और अन्य जंगली पशुओं के संरक्षण में स्तनधारियों की 30 प्रजातियों में जैसे *बाघ(पथेरा टाइगरिस),* तेंदुआ(*पेन्थेरा प्रड्यूस*), सिविट(वीवेरिकाकूला इंडिका*),* भेडिया(*कैनिस लुपस पालप्पेस*), लकड़बग्घा(*ह्येना स्पा*), चीतल (अक्स), नीलगाय(बोसेलाफुस टेरागोकमेलुस), काला हिरण (अनअलोपे केरवीका परा*)*, सियार (कैनिस अयरेयूस*)*, साही (हयस्ट्रीक्स इंडिका*)* अभयारण्य में कुछ संकटापन्न प्रजातियाँ बाघ (*पैंथेरा टाइगरिस*), तेंदुआ (*पैंथेरा पार्डस*), रीछ (*मेलर्सस अरसिनस*), जंगली कुत्ता (*कुओन अल्पाइंस*), और मोर *(पवो करिस्टतुस).* आवासीय और प्रवासी पक्षी प्रजातियों की

विविधता पाई जाती है और दुर्लभ वन्यजीव जैसे चौंउसिगा (टेटरा केरोस क्यूदीरोकोरनिस) और काला हिरण (*एन्टिलोप करविकापरा*), भी अभिलिखित किए गए है;

और, इस क्षेत्र में विभिन्न उभयचर, सरीसृप और पिसीन की प्रजातियों की विविधता पाई जाती हैं उक्त अभयारण्य और इस क्षेत्र में जूप्लानककटोनस के अकशेरूकी के विभिन्न प्रकार, तितलियों, कीडों, भृंगों ओडोनेट, केकडों, झीगों मकडियों और सीपियों की विविधता भी पाई जाती है।

और, यहां के वन 'दक्षिण उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन' प्रकार के और यह 5ए/सी1ए के रूप में वर्गीकृत है और विभिन्न आर्थिक, औषधीय, सुगंधित और सजावटी पौधों की प्रजातियों के लिए एक सजीव भंडार के रूप में कार्य करते हैं। कुछ महत्तवपूर्ण प्रजातियाँ *टेक (टेकटोना ग्रांदीस),अइं (टेरमनलिया टोमेंटोसा),बेहेडा (टेरमिनलिया बेल्लेरिका), धावदा (अनोगेइस्सूस लटीफोलिया), टेंदु (दीओस्पयरोस मेलानाक्यलोन),बिजा (पटेरोकरपुस मरसूपिउम),सेमल (बोम्बक्स मालाबरिकुम), लोखांदी (आक्सओरा परविफोलोरा),चार (बुचानिया लेंजन),सलाई (बोसवेल्लिया सेर्राटा),पलास* **(***बेअटिया मोनोस्पर्मा***),** *तिवास* **(***ओयगेनिया ओगेइनेंसिस***)** *और भिर्रा* **(***चलोरोक्यलोन स्विटेनिया***)** पाई जाती है*;*

और, इस क्षेत्र की प्रमुख अनुसूचित जनजातियां कोलम और गौड है जो यहां के वन्यजीव के साथ आवासों को साझा कर यह आदिवासी समुदाय वन से सटे क्षेत्रों में रहते है और इनकी प्रतिदिन की आवश्यकताएं वनों से पूरी होती है और इनके देवी-देवताओं और पूजा के अन्य धार्मिक स्थल वनो के अंदर ही है।

और, तिपेश्वर वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाऐं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना और उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो के प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, इसलिए, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1), उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महाराष्ट्र राज्य के तिपेश्वर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 150 मीटर (पारिस्थितिक संवेदी जोन की दक्षिण-पश्चिम सीमा की ओर एक बहुत ही छोटे खंड के लिए जहां नदी प्रस्तावित अभयारण्य बनाती है) से 11 किलोमीटर तक के विस्तारित क्षेत्र को तिपेश्वर वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसके विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और सीमाएं**.-- (1) यह पारिस्थितिक संवेदी जोन पूर्वी अक्षांश 78^0 18' 33.90" से 78^0 36' 17.25" और उत्तरी देशान्तर 19^{0}47'56.20" से 20^0 3' 16.83" के बीच स्थित है । पारिस्थितिकी संवेदी जोन 404.57 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में तिपेश्वर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 150 मीटर से 11 किलोमीटर तक भिन्न-भिन्न विस्तार के क्षेत्र में फैला हुआ है और इसका सीमा वर्णन **उपाबंध** I में दिया गया है ।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र उपाबंध **उपाबंध- II क, उपाबंध-IIख, उपाबंध–II ग और उपाबंध–II घ** के रूप में संलग्न है।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और वन्यजीव अभयारण्य के जीपीएस निर्देशांकों की सीमा का विवरण **क्रमश: उपाबंध-IIIक, और उपाबंध -III-ख** के रूप में संलग्न है।

(4) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले 60 ग्रामों की सूची जी पी एस निर्देशांक के साथ, **उपाबंध IV** के रूप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना – (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के अंदर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी

(2) आंचलिक महायोजना अनुमोदित राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना, राज्य सरकार द्वारा इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप में ऐसी रीति में और सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप भी और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देश, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी।

(4) आंचलिक महायोजना, में पर्यावरणीय और पारिस्थितिक बातों को समाकलित करने के लिए राज्य के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण;
(ii) वन;
(iii) शहरी विकास
(iv) पर्यटन;
(v) नगरपालिका;
(vi) राजस्व;
(vii) कृषि;
(viii) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,

(5) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी अनुकूल हों का संवर्धन करेगी ।

(6) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं और पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(7) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी ।

(8) आंचलिक महायोजना स्थानीय समुदायों की विनियमित करेगी जिससे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को पारिस्थितिकी अनुकूल विकास के लिए जीवकोपार्जन को सुरक्षित करने का सुनिश्चत करने कि लिए करेगी।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार मानीटरी के अपने कार्यों को करने के लिए मानीटरी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग** –पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं को और पैरा क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाओं सहायक है जिसमें पारिस्थितिक पर्यटन में ग्रह वास सम्मिलित है;

(v) वर्षा जल संचयन; और

(vi) पैरा 4 के अंतर्गत दिया गया संवर्धित क्रियाकलाप है:

परंतु यह और कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 और तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा;

अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के और आवास और जैव विविधता को बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोतों** -- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन–** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिक पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार आंचलिक महायोजना के लिए होगा ।

(ख) पर्यटन महायोजना राज्य पर्यटन विभाग द्वारा राज्य पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी ।

(घ) पारिस्थितिक पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) तिपेश्वर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नहीं होंगे। परंतु, वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और सैरगाहों का स्थापन केवल पूर्व परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिक पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा;

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा और मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंदर किसी नये होटल या सैरगाह या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जायेगा ।

IndiaCode

(4) **नैसर्गिक विरासत --** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा और उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगा ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल**– सौन्दर्य संबंधी पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के अंदर उनके संरक्षण के लिए विरासत संरक्षण की योजना तैयार करनी होगी और जो आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 ध्वनि प्रदूषण के अधीन बताए गए (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार विनियमों को कार्यान्वित करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण**- पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपालन और संशोधन किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, साधारणों मानकों के अन्तर्गत पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), दिनांक 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा। अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन**- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिकी संवदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(11) **यानीय परिवहन: -** परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(12) **यानीय प्रदूषण:-** वाहन प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का अनुपालन लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा। स्वच्छतर ईंधन उदाहरण के लिए सीएनजी, आदि के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएगे।

India Code

(13) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन:-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन का भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(15) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंधन का भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय समय-समय पर यथासंशोधित द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(16) **औद्योगिक इकाईयां: -** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भीतर कोई नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन के केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 जारी दिशानिर्देशों में दिये गये वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर- प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुमति दी जाएगी, जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो इसके अतिरिक्त गैर प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण: -** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(ख) विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर जहां एक उच्च डिग्री कटाव होता है किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 के अधीन बनाये गये नियमो और अन्य लागू विधियां जिसमें वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 के 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 के 53) सम्मिलित हैं और किये गये संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	**क्रियाकलाप**	**टीका-टिप्पणी**
(1)	(2)	(3)
	क.प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां ।	(क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय नहीं होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट

IndiaCode

		याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में प्रचालन होगा ।
2.	उद्योगों की स्थापना जिसके अंतर्गत (जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि) प्रदुषण कारित करने वाले नए तेल और गैस खोज उद्योगो भी है।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग या प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी। (ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर- प्रदूषित उद्योगों को स्थापना को अनुज्ञात किया जाएगा इसके अतिरिक्त गैर प्रदूषकारी कुटीर उद्योगों का प्रोत्साहन दिया जाएगा।
3.	बृहत तापीय और बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या क्षेत्र भूमि में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
	ख.विनियमित क्रियाकलाप	
8.	वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना ।	पारिस्थितिक पर्यटन क्रियाकलापों संबंधी लघु अस्थायी संरचनाओं के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और विश्राम स्थलों को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा । परंतु, पारिस्थितिक संवेदी जोन के आगे या उसके विस्तार तक, जो भी निकट हो के संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर से सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरुप होगा।
9.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी भी प्रकार के नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: परंतु स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने प्रयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी :- (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण करना; (ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और

		नवीकरण करना; (iii) फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किए गए वर्गीकरण के अनुसार गैर- प्रदूषणकारी लघु उद्योगों की स्थापना ; (iv) ग्रामीण उद्योगों सहित कुटीर उद्योगों, सुविधा भण्डारों और ग्रह-वास सहित पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक स्थानीय सुविधाओं की व्यवस्था; और (v) इस अधिसूचना में सूचीबद्ध बढ़ावा दिए गए क्रियाकलाप। परन्तु यह गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे। (ख) एक किलोमीटर क्षेत्र से आगे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे।
10.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकट में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिक संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
11.	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में वृक्षों की कटाई नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगे।
12.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एनटीएफपी)।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
13.	नागरिक सुख सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण उपायों नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ किए जाएंगे।
14.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस आदि द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
15.	विद्युत और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। (भूमिगत केबल बिछाए जाने को प्रोत्साहित जाएगा)।
16.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नवीन सड़कों का संनिर्माण।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ विनियमित होंगे।
17.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
18.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।

19.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ दुग्ध उद्योग, दुग्ध उद्योग, कृषि और मछली पालन ।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।
20.	फर्मों, कंपनियों आदि द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
21.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	उपचारित जल निकायों में बहिर्स्राव के अपशिष्ट जल निस्सारण से बचा जाएगा । और उपचारित अपशिष्ट जल के पुन:चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे और अन्यथा लागू विधियों के अनुसार उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण/प्रवाह के निर्वहन को विनियमित किया जाएगा।
23.	सतह और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
24.	खुले कुंआ, बोर कुंआ, आदि कृषि और अन्य उपयोग के लिए ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे और सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से निगरानी की जाएगी।
25.	वाणिज्यिक साइन बोर्ड और होर्डिंग्स ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
26.	वायु, ध्वनि और वाहन प्रदूषण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
27.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
28.	पारिस्थितिक पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
29.	सुरक्षा बल शिविर।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
30.	नए काष्ठ आधारित उद्योग ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी : परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में 100% आयातित काष्ठ स्टाक उपभोग करने वाले नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना की जा सकेगी ।
31.	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों हेतु पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के लिए पारिस्थितिक अनुकूल कुटीर जैसे तम्बु, लकड़ी के आवास आदि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
32.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
33.	पोलिथीन बैगों का प्रयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
	ग.संवर्धित क्रियाकलाप	
34.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत और ईंधन का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय रुप से बढ़ावा दिया जाना है ।

39.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
40.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
41.	पारिस्थितिक अनुकूल परिवहन का उपयोग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
42.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
43.	निम्नीकृत भूमि या वन या का जीर्णोद्धार।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
44.	पर्यावरणीय जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

5. मानीटरी समिति.- (1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन की प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

1.	जिला कलेक्टर, यवतमाल	-अध्यक्ष;
2.	मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, यवतमाल	–सदस्य;
3.	क्षेत्रीय अधिकारी, महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अमरावती	–सदस्य;
4.	नगर आयोजना अधिकारी, यवतमाल	–सदस्य;
5.	पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों (जिसके अंतर्गत विरासत संरक्षण भी है) का तीन वर्ष की अवधि के लिए राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि	–सदस्य;
6.	पर्यावरण और पारिस्थिति के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा नाम निर्दिष्ट किए जाने वाला तीन वर्ष की अवधि के लिए एक विशेषज्ञ	–सदस्य;
7.	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (पूर्वी) वन्यजीव, नागपुर का प्रतिनिधि	–सदस्य;
8.	राज्य जैव-विविधता बोर्ड का सदस्य	–सदस्य;
9.	उप वन संरक्षक, पंधारकावदा वन संभाग	–सदस्य सचिव।

IndiaCode

6. निर्देश निबंधन

(1) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक होगा।

(2) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की मानीटरी करेगी।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संबंधित उद्यान उप वन संरक्षक ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को अपने क्रियाकलापों की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट **उपाबंध V** में संलग्न प्रोफार्मा में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निर्देश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. **अतिरिक्त उपाय:** इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

8. सुप्रीम कोर्ट, आदि के आदेश.- इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे ।

[फा.सं. 25/127/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ.सतीश चंद्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध ।


तिपेश्वर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा का विवरण

दिशा	घिरा हुआ
उत्तर	कम्पार्टमेंट सं.88, 83,84,82, सी ए-106,सीए-107 की उत्तरी सीमा । गवारा,तीवी,वाघोली,घोंसी ग्रामों की दक्षिणी सीमा। कम्पार्टमेंट सं. 86,87, सीए-112 कींही, मारेगांव, पंधारवानी (खु) ग्रामों की पश्चिमी सीमा।
पूर्व	कम्पार्टमेंट सं. 59 तथा बोरी, केलापुर, अमबोरा ग्रामों की पश्चिमी सीमा कम्पार्टमेंट सं. 60 तथा वांजरी, पाराम्बा, कवाथ,वारहा की पूर्वी सीमा कम्पार्टमेंट सं. सी-71, 65. तथा जुनजारपुर, साखरा, माहांदोली ग्रामों की दक्षिणी सीमा
दक्षिण	कम्पार्टमेंट सं. सी-98,122,120 तथा कोदोरी, रूधा, नीम्धेली, घुबादी, हीवारी, अरली की दक्षिणी सीमा। कम्पार्टमेंट सं. सी 100 की पूर्वी सीमा। कम्पार्टमेंट सं. सी-98, सी-96 की पश्चिमी सीमा। पेनगंगा नदी की उत्तरी सीमा।
पश्चिम	कम्पार्टमेंट सं. सी-108बी-670, सी-110. तथा गानेरी, भीमकुंड, राजपेत, तरोदा, केलेश्वर, परदी, मेजदा ग्रामों की पश्चिमी सीमा। कम्पार्टमेंट सं. 812 तथा सागदा, सावंगी, वागरताकाली, राजपत पारवा की उत्तरी सीमा। कम्पार्टमेंट सं. सी-121 तथा कुरली, जताला, वाधोना की पूर्वी सीमा । कम्पार्टमेंट सं. 669. तथा शरद की उत्तरी सीमा।

IndiaCode


उपाबंध- II क

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन और संरक्षित क्षेत्र का गूगल मानचित्र




उपाबंध- IIख

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ तिपेश्वर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र




उपाबंध- IIग

तिपेश्वर वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन का भूमि उपयोग मानचित्र



उपाबंध- II घ

तिपेश्वर वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन का वनस्पति मानचित्र



उपाबंध-III क

सारणी क: तिपेश्वर वन्यजीव अभयारण्य के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

तिपेश्वर वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र के निर्देशांक				तिपेश्वर वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र के निर्देशांक			
क्र.सं.	निर्देशांक	देशांतर	अक्षांश	क्र.सं.	निर्देशांक	देशांतर	अक्षांश
1	एस1	78:21:23.032	19:55:10.881	38	एस38	78:27:59.823	19:55:55.14
2	एस2	78:20:47.578	19:55:20.153	39	एस39	78:28:16.605	19:55:51.072
3	एस3	78:20:36.333	19:55:37.357	40	एस40	78:28:30.497	19:56:00.382
4	एस4	78:20:41.793	19:55:51.303	41	एस41	78:29:32.563	19:56:04.317
5	एस5	78:20:50.445	19:55:53.764	42	एस42	78:29:41.310	19:56:08.433
6	एस6	78:20:55.787	19:56:07.034	43	एस43	78:29:44.641	19:55:50.659
7	एस7	78:21:06.200	19:56:09.963	44	एस44	78:29:45.493	19:55:35.074
8	एस8	78:21:32.588	19:56:12.246	45	एस45	78:30:01.213	19:55:10.924
9	एस9	78:21:43.819	19:56:24.736	46	एस46	78:30:30.785	19:55:09.879
10	एस10	78:21:56.774	19:56:25.038	47	एस47	78:30:54.821	19:55:30.249
11	एस11	78:22:05.710	19:56:31.945	48	एस48	78:31:19.026	19:55:40.681
12	एस12	78:22:04.615	19:56:40.812	49	एस49	78:31:20.403	19:55:11.743
13	एस13	78:22:24.454	19:56:42.139	50	एस50	78:31:15.316	19:54:22.772
14	एस14	78:22:25.147	19:56:53.398	51	एस51	78:31:36.455	19:54:24.583
15	एस15	78:22:34.682	19:56:53.726	52	एस52	78:31:47.423	19:54:11.255
16	एस16	78:22:35.654	19:57:07.638	53	एस53	78:31:46.510	19:53:55.820
17	एस17	78:22:43.763	19:57:10.310	54	एस54	78:31:54.735	19:53:55.524
18	एस18	78:22:52.810	19:57:06.045	55	एस55	78:32:08.312	19:53:45.192
19	एस19	78:22:50.749	19:57:12.938	56	एस56	78:32:01.078	19:53:19.713
20	एस20	78:23:02.459	19:57:24.309	57	एस57	78:31:42.011	19:52:55.746
21	एस21	78:23:16.367	19:57:21.518	58	एस58	78:31:50.419	19:52:44.977
22	एस22	78:24:02.753	19:57:44.323	59	एस59	78:32:02.756	19:52:40.902
23	एस23	78:24:00.392	19:58:09.218	60	एस60	78:32:02.584	19:52:06.282
24	एस24	78:24:14.587	19:58:09.594	61	एस61	78:32:32.017	19:52:06.688
25	एस25	78:24:21.771	19:58:04.903	62	एस62	78:32:32.972	19:52:11.758
26	एस26	78:24:38.299	19:58:06.479	63	एस63	78:32:39.871	19:52:11.236
27	एस27	78:24:55.751	19:58:02.814	64	एस64	78:32:38.544	19:52:18.239
28	एस28	78:25:17.352	19:57:47.876	65	एस65	78:32:49.856	19:52:25.922
29	एस29	78:25:19.397	19:57:32.666	66	एस66	78:32:55.843	19:52:21.010
30	एस30	78:26:21.391	19:57:21.085	67	एस67	78:32:48.216	19:52:06.904
31	एस31	78:26:51.484	19:57:04.948	68	एस68	78:32:53.422	19:52:03.414
32	एस32	78:27:07.286	19:57:02.099	69	एस69	78:32:54.222	19:52:08.609
33	एस33	78:27:04.666	19:56:57.028	70	एस70	78:33:01.995	19:52:10.789
34	एस34	78:27:14.617	19:56:47.164	71	एस71	78:33:12.702	19:52:06.202
35	एस35	78:27:32.428	19:56:47.497	72	एस72	78:33:08.474	19:51:55.716
36	एस36	78:27:31.807	19:56:25.321	73	एस73	78:33:20.041	19:51:56.115
37	एस37	78:27:50.451	19:56:17.813	74	एस74	78:33:23.203	19:51:53.223

IndiaCode

75	एस75	78:33:08.888	19:51:50.365
76	एस76	78:33:13.263	19:51:46.806
77	एस77	78:33:11.730	19:51:32.604
78	एस78	78:33:03.170	19:51:33.319
79	एस79	78:33:02.501	19:51:22.450
80	एस80	78:32:54.405	19:51:19.745
81	एस81	78:32:46.284	19:51:25.340
82	एस82	78:32:39.163	19:51:24.961
83	एस83	78:32:39.023	19:51:19.348
84	एस84	78:32:29.884	19:51:18.468
85	एस85	78:32:29.178	19:51:03.706
86	एस86	78:32:37.865	19:51:05.209
87	एस87	78:32:41.005	19:51:02.184
88	एस88	78:32:41.086	19:50:53.349
89	एस89	78:32:31.759	19:50:54.692
90	एस90	78:32:28.025	19:50:47.941
91	एस91	78:32:22.382	19:50:50.829
92	एस92	78:32:18.112	19:50:40.454
93	एस93	78:32:23.087	19:50:37.414
94	एस94	78:32:19.914	19:50:19.773
95	एस95	78:32:05.649	19:50:18.490
96	एस96	78:31:26.296	19:50:33.834
97	एस97	78:31:30.006	19:51:02.863
98	एस98	78:31:26.935	19:51:12.799
99	एस99	78:30:24.282	19:51:57.001
100	एस100	78:29:52.542	19:51:57.539
101	एस101	78:29:42.839	19:51:32.503
102	एस102	78:29:16.942	19:51:05.680
103	एस103	78:28:56.489	19:50:59.384
104	एस104	78:28:53.238	19:50:49.693
105	एस105	78:28:42.618	19:50:53.534
106	एस106	78:28:25.473	19:50:55.311
107	एस107	78:28:05.629	19:51:05.867
108	एस108	78:27:55.995	19:50:39.108
109	एस109	78:27:25.087	19:50:39.589
110	एस110	78:27:27.609	19:50:59.969
111	एस111	78:27:15.766	19:51:02.106
112	एस112	78:27:15.512	19:51:13.668
113	एस113	78:27:59.809	19:51:22.486
114	एस114	78:28:00.388	19:51:47.574
115	एस115	78:27:36.029	19:51:48.847
116	एस116	78:27:18.852	19:51:47.015
117	एस117	78:27:06.822	19:51:47.757
118	एस118	78:27:01.115	19:51:29.082
119	एस119	78:27:03.474	19:51:19.570
120	एस120	78:26:48.142	19:51:17.758
121	एस121	78:26:14.906	19:51:17.444
122	एस122	78:26:11.832	19:51:12.314
123	एस123	78:26:18.606	19:51:02.525
124	एस124	78:26:12.792	19:50:44.437
125	एस125	78:26:25.281	19:50:41.855
126	एस126	78:26:27.256	19:50:37.066
127	एस127	78:26:31.895	19:50:36.838
128	एस128	78:26:31.228	19:50:29.972
129	एस129	78:26:26.501	19:50:20.465
130	एस130	78:26:11.841	19:50:28.410
131	एस131	78:26:03.758	19:50:27.139
132	एस132	78:26:03.469	19:50:39.930
133	एस133	78:25:58.244	19:50:42.454
134	एस134	78:25:58.613	19:50:36.576
135	एस135	78:25:56.155	19:50:34.454
136	एस136	78:26:02.123	19:50:24.861
137	एस137	78:25:58.253	19:50:20.884
138	एस138	78:25:53.239	19:50:24.360
139	एस139	78:25:48.955	19:50:11.705
140	एस140	78:25:38.213	19:50:13.981
141	एस141	78:25:43.893	19:50:39.897
142	एस142	78:25:40.677	19:50:41.259
143	एस143	78:25:42.352	19:50:48.117
144	एस144	78:25:38.763	19:50:52.918
145	एस145	78:25:39.758	19:51:14.333
146	एस146	78:25:32.644	19:51:13.898
147	एस147	78:25:30.284	19:51:21.462
148	एस148	78:25:23.891	19:51:24.138
149	एस149	78:25:19.017	19:51:22.208
150	एस150	78:25:17.405	19:51:16.480
151	एस151	78:25:05.921	19:51:20.443
152	एस152	78:25:01.476	19:51:09.893
153	एस153	78:24:45.163	19:51:12.454
154	एस154	78:24:44.105	19:51:22.514

IndiaCode

155	एस155	78:24:38.336	19:51:21.918
156	एस156	78:24:35.815	19:51:25.912
157	एस157	78:24:27.505	19:51:23.767
158	एस158	78:24:30.704	19:51:40.576
159	एस159	78:24:27.484	19:51:40.601
160	एस160	78:24:26.740	19:51:48.279
161	एस161	78:24:17.559	19:51:49.177
162	एस162	78:24:19.836	19:51:57.495
163	एस163	78:24:13.724	19:51:56.421
164	एस164	78:24:04.589	19:51:58.577
165	एस165	78:24:01.795	19:52:04.295
166	एस166	78:24:08.205	19:52:04.961
167	एस167	78:24:07.557	19:52:08.333
168	एस168	78:24:01.101	19:52:06.781
169	एस169	78:23:49.540	19:52:12.430
170	एस170	78:23:51.901	19:52:20.801
